तापमान
अधिकतम 46.2 डिग्री
न्यूनतम 23.4 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार 26 मई 2026

11 यात्रा का जुनून और नया सीखने का जज्बा...

12 बलम गांव के मटके सूखे, लोग लघु सचिवालय...


## शहर में आज

- पार्षद कपिल नागपाल पानी को लेकर जल घर पर करेंगे प्रदर्शन।
- किला रोड पर सुबह 11 बजे रक्तदान शिविर
- मांगों को लेकर बिजली कर्मचारियों की सुबह 10 बजे बैठक

## खबर संक्षेप

### बीएड स्पेशल एजुकेशन का परिणाम घोषित

**रोहतक।** एमडीयू ने दिसंबर 2025 में आयोजित बीएड स्पेशल एजुकेशन- एचआई (हियरिंग इम्पेयरमेंट), आईडी (इंटेलेक्चुअल डिसेबिलिटी), एमडी (मल्टीपल डिसेबिलिटी), एसएलडी (स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी) तथा वीआई (विजुअल इम्पेयरमेंट) प्रथम सेमेस्टर का परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपना परिणाम देख सकते हैं।

### लॉ कॉलेज में छात्रा से अभद्रता, आरोपी दबोचा

**रोहतक।** मकड़ोली टोल प्लाजा के समीप स्थित लॉ कॉलेज में छात्रा के साथ अभद्रता करने के मामले में पुलिस ने आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान सुमित के रूप में हुई है। सदर थाना पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में पीड़ित छात्रा ने बताया कि वह रोजाना की तरह कॉलेज आई थी। इसी दौरान आरोपी छात्र ने उसे जबरन पकड़ लिया और कमरे में खींचने का प्रयास किया। विरोध करने पर वह वहां से भाग गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और छात्रा के बयान पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया।

प्रधानमंत्री की अपील का भी नहीं दिखा असर, प्राइवेट वाहनों का मोह नहीं छोड़ पा रहे लोग

# दो हफ्ते में चार बार बढ़े डीजल-पेट्रोल के रेट, फिर भी 15% बढ़ी खपत

विजय अहलावत ▶▶| रोहतक

देशभर में पिछले दो सप्ताह के दौरान पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की कीमतों में कई बार बढ़ोतरी हुई है। आमतौर पर ईंधन के दाम बढ़ने पर वाहन चालकों की जेब पर असर पड़ता है और लोग खर्च कम करने के प्रयास करते हैं, लेकिन रोहतक में स्थिति इसके उलट दिखाई दे रही है। लगातार महंगे होते ईंधन के बावजूद जिले में पेट्रोल और डीजल की खपत करीब 10 प्रतिशत तक बढ़ गई है। इससे साफ है कि लोग अब भी निजी वाहनों के इस्तेमाल को कम करने के लिए तैयार नहीं हैं। पेट्रोल पंप संचालकों के अनुसार पिछले दिनों में दाम बढ़ने के बावजूद बिक्री में कमी नहीं आई है। उल्टा कई क्षेत्रों में बिक्री पहले से अधिक दर्ज की गई है। खासकर सुबह और शाम के समय पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं। कुछ समय पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से पेट्रोल, डीजल और अन्य संसाधनों की फिजूलखर्ची रोकने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि लोग वाहनों को एक दूसरे के साथ शेयर करें, निजी वाहन का इस्तेमाल बहुत कम करें। इसके बाद कई सरकारी कार्यालयों और संस्थानों में इसका असर भी देखने को मिला। कुछ विभागों ने कार पूलिंग शुरू की, अनावश्यक वाहन उपयोग कम करने के निर्देश दिए गए और सरकारी गाड़ियों के सीमित उपयोग पर जोर दिया गया। रोहतक के कुछ कार्यालयों में भी शुरुआती दिनों में इसका असर दिखाई दिया, लेकिन आम लोगों की जीवनशैली में कोई खास बदलाव नजर नहीं आया।

सिटी पल्स

### निजी वाहनों का मोह नहीं हो रहा भंग

शहर में सुबह और शाम के समय मुख्य मार्गों पर लगातार ट्रैफिक का दबाव बढ़ रहा है। छोटी दूरी तय करने के लिए भी लोग बाइक और कार का उपयोग कर रहे हैं। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था होने के बावजूद निजी वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि सुविधा और समय बचाने की सोच लोगों को निजी वाहनों से दूर नहीं होने दे रही। रोहतक में इस समय रोजाना सवा तीन लाख लीटर पेट्रोल और पांच लाख लीटर से ज्यादा डीजल की खपत होती है।


### पर्यावरण पर असर

ईंधन की बढ़ती खपत का असर पर्यावरण पर भी पड़ रहा है। अधिक पेट्रोल-डीजल जलने से कार्बन उत्सर्जन बढ़ रहा है। शहर में पहले ही धूल और ट्रैफिक के कारण प्रदूषण का स्तर बढ़ा हुआ है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि यदि लोग सार्वजनिक परिवहन, कार पूलिंग व साइकिल जैसे विकल्पों को अपनाएं तो ईंधन की बचत के साथ प्रदूषण भी काफी हद तक कम किया जा सकता है।

### कब कितना बढ़ा रेट

| तारीख | पेट्रोल | डीजल |
| --- | --- | --- |
| 15 मई | 98.70 | 91.14 |
| 19 मई | 99.56 | 92.05 |
| 23 मई | 100.42 | 92.96 |
| 25 मई | 103.03 | 95.67 |

### 10 से 15 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज




पिछले दो सप्ताह में ईंधन की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिला है, लेकिन इसके बावजूद खपत में करीब 10 से 15 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज की गई है। लोग अब निजी वाहनों के इतने आदी हो चुके हैं कि कीमतें बढ़ने के बाद भी उपयोग कम नहीं कर रहे।

-पुनीत कौशिक, प्रधान, इंडियन ऑयल पेट्रोल एसोसिएशन

▶▶ पेट्रोल डीजल की कीमतें बढ़ने से आम लोगों की जीवनशैली में नजर नहीं आया कोई खास बदलाव


### वाहनों का उपयोग लगातार बढ़ रहा



पहले उम्मीद थी कि रेट बढ़ने के बाद बिक्री में कुछ गिरावट आएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों दोनों जगहों पर वाहन उपयोग लगातार बढ़ रहा है। जिसकी वजह से तेल की खपत बढ़ रही है।

-कुलदीप राठी, पेट्रोल पंप संचालक

### ग्राहकों की संख्या में खास कमी नहीं



पेट्रोल और डीजल के दाम कई बार बढ़े हैं, लेकिन ग्राहकों की संख्या में कोई खास कमी नहीं आई। लोग जरूरत के साथ-साथ सुविधा के कारण भी निजी वाहनों का अधिक इस्तेमाल कर रहे हैं। सेल में तेजी आई है।

- युवराज छिकारा, पेट्रोल पंप संचालक

रोहतक में 48 ही अधिकृत विज्ञापन साइट, मेयर-अधिकारी बदले, हालात ज्यों के त्यों

# निगम की पिक एंड चूज पॉलिसी

# शहर में बरसों से लगे चंद होर्डिंग्स पर मेहरबानी क्यों?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम इन दिनों पिक एंड चूज पॉलिसी पर काम कर रही है। कुछ लोगों के सालों से लगे होर्डिंग्स पर मेहरबानी की जा रही है।निगम कार्यालय के कुछ ही दूरी पर स्थित कांग्रेस कार्यालय पर लगा ओवरसाइड होर्डिंग्स पिछले कई सालों से लगातार लगा हुआ है। जबकि इस दौरान दस से अधिक आयुक्त बदले जा चुके हैं। साथ ही विगत वर्ष तीसरे मेयर रामअवतार वाल्मीकि चुने हुए हैं। हालांकि अधिकारी दावा कर रहे हैं कि शहर में बड़े-बड़े विज्ञापन बोर्ड और होर्डिंग्स लगाने वालों पर सख्ती की तैयारी है। निर्धारित नियमों से बड़े विज्ञापन बोर्ड लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना भी वसूला जाएगा। इसके लिए निगम की टीम विभिन्न इलाकों में निरीक्षण कर रही है और नोटिस भी भेजे जा चुके हैं।




रोहतक। कांग्रेस कार्यालय फोटो : हरिभूमि

### केवल 3% हिस्से पर लगा सकते हैं बोर्ड

निगम अधिकारियों ने बताया कि विज्ञापन साइट पर बोर्ड लगाने के लिए भी नियम तय हैं। जिस स्थान या भवन पर विज्ञापन लगाया जाना है, उसके कुल क्षेत्रफल के केवल तीन प्रतिशत हिस्से पर ही विज्ञापन बोर्ड लगाया जा सकता है। इससे बड़े आकार का बोर्ड नियमों के विरुद्ध माना जाएगा। कई जगहों पर निर्धारित सीमा से कहीं बड़े होर्डिंग्स लगाए गए हैं, जिससे न केवल शहर की सुंदरता प्रभावित हो रही है बल्कि हादसों का खतरा भी बना रहता है।अधिकारियों के अनुसार निजी संस्थानों और निजी भवनों पर विज्ञापन बोर्ड लगाने पर पूरी तरह रोक नहीं है, लेकिन वहां भी सुरक्षा और आकार संबंधी नियम लागू होंगे। बिना अनुमति या तय मापदंडों से बड़े बोर्ड लगाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। शहर के कई प्रमुख मार्गों, बाजारों और चौराहों पर लगे बड़े होर्डिंग्स की सूची तैयार की जा रही है।

### ऑनलाइन बोली से मिलती है जगह

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, शहर में विज्ञापन लगाने के लिए निगम के पास कुल 48 अधिकृत विज्ञापन साइट हैं। इन साइटों का आवंटन ऑनलाइन बोली प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है। जिस एजेंसी या व्यक्ति की सबसे अधिक बोली होती है, उसे निर्धारित समय के लिए विज्ञापन लगाने की अनुमति दी जाती है। निगम को इससे हर साल लाखों रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। बोली के लिए निगम की ऑनलाइन साइट पर पहले से रजिस्ट्रेशन होना जरूरी है।

### आंधी-बरसात में बन जाते हैं खतरा

कई बार बड़े होर्डिंग्स तेज हवा या बारिश के दौरान खतरा बन जाते हैं। पूर्व में अन्य शहरों में होर्डिंग गिरने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। इसी को देखते हुए निगम अब सुरक्षा मानकों को लेकर गंभीरता दिखा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि पहले चरण में नोटिस देकर अवैध या बड़े होर्डिंग्स हटाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। यदि तय समय में बोर्ड नहीं हटाए गए तो निगम स्वयं कार्रवाई करेगा और संबंधित संचालक से खर्च की वसूली भी की जाएगी। इसके साथ ही 10 हजार रुपये तक का जुर्माना भी लगाया जाएगा।

### पड़ताल करवाएंगे



जिन एरिया में बड़े होर्डिंग्स लगे हुए हैं, उनकी जांच पड़ताल करवाई जाएगी। जो नियमों के विरुध जाकर लगाए गए हैं, उन्हें हटवाया भी जाएगा। होर्डिंग्स पॉलिसी के तहत ही विज्ञापन लगाए जाएंगे।

-अंजू सैनी, पार्षद वार्ड आठ

### पार्टी कार्यालय है



कांग्रेस कार्यालय पार्टी का अपना कार्यालय है। यहां होर्डिंग्स लगाने पर किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। हालांकि कांग्रेस की तरफ से इसकी कोई फीस नहीं दी जाती। क्योंकि यह पार्टी कार्यालय पर लगाया गया है। **-कुलदीप केडी, प्रधान शहर कांग्रेस**

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**रोहतक।** कलानौर थाना क्षेत्र के सैंपल-बसाना रोड पर रविवार सुबह हुए हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान महम निवासी ललित के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार ललित अपनी बहन से मिलने कलानौर आया हुआ था और रात को वहीं रुका था। रविवार सुबह वह मोटरसाइकिल से वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान सैंपल-बसाना रोड पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि ललित ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस हादसे के कारणों और आरोपी चालक की तलाश में जुटी हुई है।

### गिरावड़ में जलघर के टैंक में डूबने से 55 वर्षीय व्यक्ति की जान गई

रोहतक। गांव गिरावड़ में जलघर के टैंक में डूबने से 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। मृतक की पहचान जय भगवान के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार जय भगवान किसी कारणवश जलघर के टैंक में गिर गए, जिससे उनकी डूबने से मौत हो गई। घटना का पता चलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मामले की सूचना पुलिस व परिजनों को दी गई।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की तथा पोस्टमार्टम के लिए पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एटीएम कार्ड बदल खाते से डेढ़ लाख रुपये उड़ाए

**रोहतक।** भिवानी चुंगी स्थित शिव नगर कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से करीब डेढ़ लाख रुपये निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित को धोखाधड़ी का पता मोबाइल पर आए बैंक मैसेज से चला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में सुरेंद्र ने बताया कि 19 मई को वह सरदार पेट्रोल पंप पर अपनी गाड़ी में डीजल भरवाने गया था। डीजल का भुगतान करने के बाद उसे अतिरिक्त नकदी की जरूरत पड़ी, जिसके चलते वह एटीएम से पैसे निकालने पहुंचा। सुरेंद्र के अनुसार अलग-अलग एटीएम पर मौजूद कुछ अज्ञात लोगों से उसने मदद ली। इस दौरान उसने अपना एटीएम कार्ड उन लोगों को दे दिया, जबकि पिन नंबर उसने खुद दर्ज किया था। बाद में उसे पता चला कि उसका कार्ड बदल दिया गया है। कुछ समय बाद उसके पीएनबी खाते से 1 लाख 51 हजार 600 रुपये निकाल लिए गए। खाते से रकम निकलने के मैसेज आने पर उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला। घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

■ फोन पर मैसेज आए तो पता चला

### फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर ₹4.95 लाख की ठगी

**रोहतक।** भिवानी रोड निवासी एक युवक से कपड़ा कंपनी की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर 4 लाख 95 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित गगन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अप्रैल माह में वह गूगल पर फ्रेंचाइजी संबंधी जानकारी खोज रहा था। तभी उसे एक लिंक मिला, जिस पर क्लिक करने पर उसके पास कॉल आई। फोन करने वाले ने अपना नाम सिद्धार्थ बतात खुद को नामी कपड़ा कंपनी का प्रतिनिधि बताया। आरोपी ने फ्रेंचाइजी दिलाने के लिए पहले 3.95 लाख टोकन मनी जमा कराने की बात कही। भरोसा जीतने के लिए आरोपी ने ईमेल पर फ्रेंचाइजी फॉर्म और लेटर ऑफ इंटेंट भी भेज दिया। गगन ने 6 मई को बताए गए बैंक खाते में 3.95 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद शोरूम का एरिया कम होने की बात कहकर 1 लाख रुपये नकद भी ले लिए। कुछ दिन बाद प्रक्रिया पूरी कराने के नाम पर 28 लाख रुपये और मांगे। इस पर शक हुआ तो कंपनी के असली स्टोर पर संपर्क करने पर उसे ठगी का पता चला।

■ गूगल पर मिले लिंक से फंसा

# विदेशी हथियारों से भरी फॉर्च्यूनर समेत 3 गिरफ्तार

■ बिना नंबर की गाड़ी में घूम रहे थे तीन बदमाश, केस दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक के सांपला बाइपास पर देर रात पुलिस ने बिना नंबर प्लेट की फॉर्च्यूनर में घूम रहे तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद किया। आरोपियों के कब्जे से विदेशी पिस्तौल, देसी हथियार और 58 जिंदा कारतूस मिलने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

पुलिस का मानना है कि आरोपी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। नशा निरोधक शाखा और थाना सांपला पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए छोटूराम पॉलिटेक्निक सांपला बाइपास पर नाकाबंदी की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीपक उर्फ दीपु और रामपाल उर्फ मोनू निवासी राहड़ा जिला करनाल तथा रामपाल उर्फ काला निवासी



बिधाना जिला जींद के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार तड़के करीब साढ़े तीन बजे एएसआई अचल सिंह अपनी टीम के साथ गश्त पर थे।

इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि तीनों आरोपी बिना नंबर प्लेट की फॉर्च्यूनर में गुरुग्राम की ओर जा रहे हैं और किसी बड़ी आपराधिक वारदात की तैयारी में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने सांपला बाइपास पर घेराबंदी कर वाहन को रोका और तलाशी ली तो उसमें हथियारों का जखीरा बरामद हुआ।

### ये हथियार मिले

तलाशी के दौरान दीपक उर्फ दीपु के पास से टर्की निर्मित स्टोगर कूगर पिस्तौल, एक देसी पिस्तौल, अतिरिक्त मैगजीन और 35 कारतूस बरामद हुए। वहीं रामपाल उर्फ मोनू से जिगाना एफ पिस्तौल, दो मैगजीन और 20 कारतूस मिले। तीसरे आरोपी रामपाल उर्फ काला के कब्जे से ऑस्ट्रिया निर्मित ग्लॉक-19 सेमी ऑटोमेटिक पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए गए। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने फॉर्च्यूनर की नंबर प्लेट हटाई हुई थी। इंजन नंबर के आधार पर गाड़ी का असली नंबर एचआर-70जी-0625 पाया गया। हथियारों के लाइसेंस मांगने पर आरोपी कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सके। पुलिस ने हथियार, कारतूस और वाहन कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट और बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई संदीप को सौंपी गई है।

### बिना नंबर प्लेट की स्विफ्ट में घूमते दो युवक पकड़े, दो पिस्तौल बरामद

रोहतक। पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव स्टाफ टीम ने गश्त के दौरान अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कार सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो देशी पिस्तौल और दो जिंदा राउंड बरामद किए गए हैं। 24 मई 2026 को मुख्य सिपाही नरेश के नेतृत्व में टीम गांव मदीना बस स्टैंड के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि बिना नंबर प्लेट की एक स्विफ्ट कार में कुछ संदिग्ध युवक मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मदीना-अजायब रोड स्थित पानी की डिग्गी के पास घेराबंदी कर कार सवार दोनों युवकों को काबू कर लिया। पूछताछ में युवकों की पहचान रवि पुत्र जयबीर और जयकुमार पुत्र गंगादत्त निवासी गांव सांगा, जिला भिवानी के रूप में हुई। तलाशी के दौरान दोनों के पास से दो देशी पिस्तौल और दो राउंड बरामद हुए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना महम में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जबकि पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि हथियार कहां से लाए गए और उनका इस्तेमाल किस मकसद से किया जाना था।

ग्राउंड रिपोर्ट | रोहतक में फिर सामने आई लोगों की पीड़ा और सरकारी व्यवस्था की सुस्त कार्यप्रणाली

# समाधान शिविर में हल नहीं; मिलते हैं आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक के लघु सचिवालय में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में एक बार फिर आम नागरिकों की परेशानियां और सरकारी व्यवस्था की सुस्त कार्यप्रणाली खुलकर सामने आई। समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंचे लोग विभागों के चक्कर काटते नजर आए। कई फरियादियों ने आरोप लगाया कि उन्हें राहत की बजाय आश्वासन ही मिले। कोई बिजली बिल की गड़बड़ी से परेशान था तो कोई इंतकाल, रजिस्ट्री, मकान और ट्रांसफार्मर हटाने जैसी समस्याओं में उलझा दिखा। सोमवार को रोहतक लघु सचिवालय के



साथ-साथ सांपला और महम उपमंडल मुख्यालयों पर भी समाधान शिविर आयोजित किए गए, जहां नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं। लघु सचिवालय स्थित सभागार में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनजीत कुमार और पुलिस उपाधीक्षक दलीप सिंह ने शिकायतें सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। सांपला में उपमंडलाधीश अंकिता पुवार की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में लोगों की समस्याओं के समयबद्ध निपटारे के निर्देश जारी किए गए।

वहीं महम में उपमंडलाधीश विपिन कुमार ने समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए नागरिकों की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### कई चक्कर काटे, नहीं बन रहा पक्का मकान

'मैं लंबे समय से पक्का मकान बनवाने की समस्या से परेशान हूं। कई बार अफसरों के चक्कर काट चुकी हूं, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। उम्मीद लेकर शिविर में पहुंची हूं।' -उषा देवी, अजायब गांव

### गोशाला के लिए नहीं उठाए गए ठोस कदम

'हम गांव में गोशाला शुरू करवाने की मांग लेकर आए हैं। काफी समय से इसकी जरूरत महसूस की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।' - चिड़ी गांव के ग्रामीण

### बेटी को अपने साथ ले गया दूसरा पति

'मेरा दूसरा पति पहले पति से जन्मी बेटी को अपने साथ ले गया है। पुलिस भी कोई कार्रवाई नहीं कर रही। इंसाफ की उम्मीद में समाधान शिविर पहुंची हूं।' -आसमां, सैनिक कॉलोनी

### निगम ने लगाया ट्रांसफार्मर, हटाने के लिए अब मुझसे मांग रहे चार्ज



'मेरी जमीन में 35-40 साल पहले बिजली निगम ने ट्रांसफार्मर लगाया था। अब उसे हटाने के लिए मुझसे तीन-चार लाख रुपये मांगे जा रहे हैं। सरकारी जरूरत के लिए लगाए गए ट्रांसफार्मर का खर्च मुझ पर डालना गलत है।' -रणधीर सिंह, बसाना

### ब्लड रिलेशन में रजिस्ट्री करवाई 90 हजार का भेज दिया नोटिस



'मैंने ब्लड रिलेशन में रजिस्ट्री कराई थी, लेकिन बाद में 90 हजार रुपये जमा कराने का नोटिस भेज दिया गया। अधिकारियों के पास गया तो उन्होंने मामला अदालत का बताकर पल्ला झाड़ लिया।' -आनंद उर्फ भोलू, खरैंटी

### पत्नी के नाम भेजा बिजली बिल



'मेरी पत्नी सुनीता के नाम पर बिजली निगम ने बिल जारी कर दिया है, जबकि मामले के कई तथ्य अभी साफ नहीं हैं। मैं इस गड़बड़ी को ठीक करवाने के लिए समाधान शिविर में शिकायत लेकर आया हूं।' -कृष्ण कुमार, रिठाल फोगाट

### इंतकाल के लिए कटवा रहे चक्कर



'मेरे मकान के इंतकाल की फाइलें लंबे समय से अटकी हुई हैं। एक विभाग से दूसरे विभाग के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ रहा।' -वेदपाल, विशाल नगर

### मुफ्त कनेक्शन नहीं मिल रहा



''मैं दिव्यांग हूं और बिजली-पानी के मुफ्त कनेक्शन की उम्मीद लेकर समाधान शिविर में आई हूं। कई बार आवेदन देने के बावजूद अब तक सुविधा नहीं मिल पाई है।' -ज्योति, खरक जाटायण

### दिनदहाड़े स्कूटी व मोबाइल चोरी

**रोहतक।** सुखपुरा चौक क्षेत्र में दिनदहाड़े स्कूटी और मोबाइल फोन चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों में चिंता का माहौल है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस में दर्ज कराई शिकायत में शिवम एनक्लेव निवासी इंदर सिंह ने बताया कि वह गोहाना रोड गोल चक्कर के पास स्थित एक ठेके के नजदीक अपनी स्कूटी खड़ी करके गया था। उसने अपना मोबाइल फोन भी स्कूटी में ही रखा हुआ था। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो मौके से उसकी स्कूटी और मोबाइल फोन गायब मिले। आसपास तलाश करने के बावजूद कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

**खबर संक्षेप**

### आईटीआई में 2 जून से शुरू होंगे एडमिशन

**बहादुरगढ़।** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2026-27 के दाखिलों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की जा रही है। आसौदा आईटीआई में विभिन्न ट्रेडों की कुल 152 सीटों पर दाखिले किए जाएंगे। आईटीआई आसौदा के प्राचार्य राजेश राणा ने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं 2 जून से 15 जून तक विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करते समय 10वीं की मार्कशीट, जाति प्रमाण पत्र, रिहायशी प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी तथा पासपोर्ट साइज फोटो आदि तैयार रखें।

### मृतक श्रमिक के परिवार को 5 लाख देगी कोबी

**बहादुरगढ़।** एमआईई के पार्ट-बी में शुक्रवार को बॉयलर ब्लास्ट की दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना पर कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज (कोबी) ने गहरा दुख व्यक्त किया है। कोबी ने उद्योगों के सामूहिक सहयोग से मृतक के परिवार को 5 लाख रुपये की सहयोग राशि देने की घोषणा की है। कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए जिले के सभी उद्योगपतियों से अपने उद्योगों में सभी सुरक्षा मानकों, अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा तकनीकी निरीक्षण संबंधी नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने की अपील की ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं को रोक जा सके।

### लॉटरी सिस्टम से बाजार दर तय करने के प्रावधान पर किसानों ने जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन

# नई मुआवजा नीति के खिलाफ प्रदर्शन बोले- नहीं मिल रही वास्तविक कीमत

**20 जिलों में बिजली की हाईटेंशन लाइनों का कार्य चल रहा है, जहां मार्केट रेट कमेटियों के जरिए जमीनों का मूल्यांकन किया जा रहा है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बिजली की हाईटेंशन लाइनों से प्रभावित जिले के किसानों ने सोमवार को लघु मुख्यालय पर एकत्र होकर 29 अप्रैल 2026 से लागू नई मुआवजा नीति के संशोधन के विरोध में शांतिपूर्ण रोष जताया। भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के बैनर तले पहुंचे सैकड़ों किसानों ने जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर नई व्यवस्था को वापस लेने की मांग उठाई। किसानों का कहना है कि नई संशोधित नीति के कारण रोहतक समेत भिवानी, हिसार और सोनीपत के प्रभावित किसानों को उनकी जमीन के वास्तविक बाजार मूल्य से वंचित किया जा रहा है। किसानों ने आरोप लगाया कि हरियाणा के करीब 20 जिलों में बिजली की हाईटेंशन लाइनों का कार्य चल रहा है, जहां मार्केट रेट कमेटियों के जरिए जमीनों का मूल्यांकन किया जा रहा है, लेकिन कई मामलों में किसानों की जमीन का बाजार मूल्य वास्तविक कीमत से काफी कम तय किया जा रहा है। एसडीएम आशीष कुमार से बातचीत करते हुए प्रदर्शनकारियों ने कहा कि 29 अप्रैल 2026 के संशोधन में बाजार दर तय करने के लिए लॉटरी प्रणाली लागू की गई है, जिसका वे विरोध कर रहे हैं।

**नए प्रावधानों से किसानों के हित प्रभावित हो सकते हैं**

इस मौके पर भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र लोहचब ने कहा कि केंद्र और हरियाणा सरकार ने 2024 और 2025 में ऐतिहासिक मुआवजा नीति लागू की थी, जिससे कई जिलों में किसानों को लाभ मिला। हालांकि, नए प्रावधानों से किसानों के हित प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि मांगों पर सुनवाई नहीं हुई तो जल्द ही प्रदेशस्तरीय आंदोलन शुरू किया जाएगा और हाईटेंशन लाइन परियोजनाओं के विरोध की रणनीति बनाई जाएगी।

**किसान बोले-पारदर्शी प्रक्रिया नहीं**

किसानों का आरोप है कि यह प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है और इससे वास्तविक बाजार मूल्य निर्धारण प्रभावित होगा। साथ ही, सबसे कम मूल्यांकन रिपोर्ट में केवल 10 प्रतिशत बढ़ोतरी कर अंतिम मार्केट रेट तय करने के प्रावधान पर भी सवाल उठाए गए। किसानों ने मुख्यमंत्री से मांग की कि नए प्रावधानों को बिना देरी के निरस्त किया जाए। उनका कहना है कि भिवानी, रोहतक, हिसार और सोनीपत जिलों में मार्केट रेट कमेटियों के अनुभवों से यह स्पष्ट हुआ है कि नई व्यवस्था किसानों के हितों को प्रभावित कर सकती है।



रोहतक। बिजली की हाईटेंशन लाइनों से प्रभावित भूमि के मुआवजे को लेकर भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के सदस्यों को समझाते एसडीएम आशीष कुमार। फोटो : हरिभूमि

- नई मुआवजा व्यवस्था से वास्तविक जमीन मूल्य घटने का आरोप
- हाईटेंशन लाइन प्रभावित किसानों ने प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी

### भालौठ सब ब्रांच पर ग्रामीणों का धरना 10वें दिन भी जारी, प्रशासन से वार्ता बेनतीजा

**रोहतक।** भालौठ सब ब्रांच नहर की तली को आरसीसी से पक्का करने के विरोध में ग्रामीणों का धरना सोमवार को लगातार 10वें दिन भी जारी रहा। धरना कमेटी और सिंचाई विभाग के अधिकारियों के बीच कैनाल रेस्ट हाउस में हुई बैठक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी। मांगों पर सहमति न बनने के बाद ग्रामीणों ने आंदोलन जारी रखने का फैसला लिया है। धरना कमेटी के अनुसार प्रशासन की ओर से वार्ता का निमंत्रण मिलने के बाद सोमवार को कैनाल रेस्ट हाउस में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर सुरेश यादव, अधीक्षक अभियंता सतपाल दलाल और एक्सईएन मुंझाल मौजूद रहे। वहीं धरना कमेटी की ओर से रणधीर धामड़, उमेद रिठाल, प्रीत सिंह, ऋषि सरपंच, खुशीराम, प्रेम, दलेल, जयप्रकाश हुड्डा, राममेहर हुड्डा और टेका सहित अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासन उनकी जायज मांगों को गंभीरता से नहीं ले रहा और हठधर्मिता पर अड़ा हुआ है। उनका कहना है कि नहर की तली को आरसीसी से पक्का किए जाने से क्षेत्र में सिंचाई और पीने के पानी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। भीषण गर्मी के बावजूद लोग दिन रात धरने पर डटे हुए हैं, जो ग्रामीणों की चिंता और विरोध को दर्शाता है।धरना कमेटी का कहना है कि वर्तमान में नहर ब्लॉक से पक्की है, जिससे पानी का कुछ हिस्सा जमीन में रिसकर भूजल स्तर को प्रभावित करता है।



### गैर-शिक्षक कर्मचारियों का धरना जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ का अपनी मांगों को लेकर प्रशासनिक भवन के गेट पर चल रहा धरना सोमवार को छठे दिन भी जारी रहा। 20 मई से शुरू हुए इस आंदोलन के तहत आज प्रधान सुरेश कौशिक की अध्यक्षता में एक आम सभा की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक प्रशासन कर्मचारियों की जायज मांगों को नहीं मानता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। रणनीति के तहत अब रोजाना एक विशिष्ट विभाग के कर्मचारी धरने पर बैठेंगे, जिसकी शुरुआत अकाउंट्स ब्रांच के स्टाफ से हुई। इस दौरान छात्र नेता प्रदीप देसवाल ने धरने पर पहुंचकर कर्मचारियों की मांगों को अपना पूरा समर्थन दिया। इस अवसर पर उपप्रधान प्रेम सिंह सजवान, महासचिव विजयपाल धनखड़, सहसचिव राजकुमार रंगा, कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा सहित पूर्व प्रधान और भारी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

### गंदगी फैलाने वालों पर निगम का शिकंजा, 12 चालान काटे



**रोहतक।** नगर निगम ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए अभियान तेज कर दिया है। सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए नगर निगम की टीम लगातार मैदान में उतर रही है। सोमवार को संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी ने विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई करते हुए 12 चालान काटे। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को सख्ती से कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने न केवल सफाई कर्मचारियों की मौजूदगी जांची, बल्कि सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गुणवत्ता भी परखी। कई जगह सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने घर-घर कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों के संचालन की भी जांच की और तय समय पर क्षेत्र में पहुंचने के निर्देश दिए।संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी ने कहा कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कर्मचारियों को समय पर ड्यूटी पर पहुंचने और पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही एजेंसियों के सुपरवाइजरों से भी जवाबदेही तय करने को कहा गया।टीम ने सार्वजनिक शौचालयों का भी निरीक्षण किया और वहां सफाई व्यवस्था बेहतर रखने के आदेश दिए। शहर में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को 12 लोगों के चालान कर 2300 रुपये जुर्माना वसूला गया। संयुक्त आयुक्त ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2025-26 को ध्यान में रखते हुए निगम की प्राथमिकता शहर को साफ-सुथरा रखना है। इसके लिए नियमित निगरानी, जनभागीदारी और सख्त कार्रवाई तीनों पर बराबर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे शहर को स्वच्छ रखने में निगम का सहयोग करें और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फैलाएं।

- सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए संयुक्त आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण, कर्मचारियों को दी सख्त चेतावनी



### विश्व स्किज़ोफ्रेनिया दिवस: पोस्टरों के माध्यम से बताया रोगियों की देखभाल कैसे करें

**रोहतक।** विश्व स्किजोफ्रेनिया दिवस के अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य संस्थान, पंडित बीडी शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के मनोरोग बाह्य रोगी विभाग स्थित विद्यासागर ब्लॉक में हेल्प डेस्क सह जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का समन्वयन मनोचिकित्सीय सामाजिक कार्य प्रभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मरीजों, उनके देखभालकर्ताओं, परिजनों तथा आमजन में स्किजोफ्रेनिया के प्रति सही जानकारी, सकारात्मक दृष्टिकोण एवं जागरूकता को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर प्रतिभागियों को विभिन्न सूचनात्मक पुस्तिकाए वितरित की गईं तथा जागरूकता बढ़ाने हेतु पोस्टरों की प्रदर्शनी लगाई गई।प्रदर्शित पोस्टरों में स्किजोफ्रेनिया से संबंधित सामान्य जानकारी, मरीजों एवं परिजनों के लिए क्या करें और क्या न करें , देखभालकर्ताओं की भूमिका, स्वस्थ जीवनशैली में आवश्यक बदलाव तथा स्किजोफ्रेनिया के प्रबंधन में योग की उपयोगिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सरल एवं प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया गया। इन माध्यमों से रोग के लक्षणों की पहचान, उपचार के महत्व, दवा पालन, पुनर्वास तथा सामाजिक सहयोग के बारे में जानकारी दी गई। संस्थान में स्किजोफ्रेनिया से पीड़ित व्यक्तियों के लिए नियमित मनोरोग ओपीडी सेवाएं, मनोसामाजिक परामर्श, पारिवारिक एवं सामाजिक पुनर्वास सहायता, समूह चिकित्सा, व्यवहार चिकित्सा, सामाजिक कौशल प्रशिक्षण, व्यावसायिक पुनर्वास तथा संज्ञानात्मक पुनर्वास जैसी सेवाएं उपलब्ध हैं।

## एमडीयू छात्रों के लिए मनाली नैनीताल में लगाएगा एडवेंचर कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), के छात्र कल्याण विभाग (डीएसडब्ल्यू) की ओर से जून-जुलाई 2026 में मल्टी एक्टिविटी एडवेंचर कैंप आयोजित किए जाएंगे। इन कैंपों के लिए विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों, एमडीयू-सीपास, गुरुग्राम तथा संबद्ध कॉलेजों के विद्यार्थियों से आवेदन मांगे गए हैं।

युवा कल्याण निदेशक डॉ. प्रताप राठी ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्र और छात्राओं के लिए अलग-अलग बैच में कैंप आयोजित होंगे। ये कैंप हिमाचल प्रदेश के मनाली और उत्तराखंड के धानाचूली (नैनीताल) जैसे पर्यटन स्थलों पर लगाए जाएंगे। छात्रों के कैंप 2 जून से 25 जून तक, जबकि छात्राओं के कैंप 9 जून से 2 जुलाई तक विभिन्न चरणों में आयोजित किए जाएंगे। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग ने बताया कि इन कैंपों में विद्यार्थियों को साहसिक गतिविधियों, टीम वर्क, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन का अनुभव मिलेगा। इच्छुक विद्यार्थियों को अपने विभागाध्यक्ष, निदेशक या प्राचार्य के माध्यम से मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र सहित आवेदन स्टूडेंट एक्टिविटी स्थित छात्र कल्याण कार्यालय में भेजना होगा। विस्तृत जानकारी छात्र कल्याण विभाग कार्यालय या विभाग/कॉलेज कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## अंगदान करें, कइयों के जीवन में उजाला फैलाएं: डॉ. दिव्या

**रोहतक।** सेक्टर तीन के पॉलीक्लीनिक में सोमवार को ऑर्गन ट्रांसप्लांट कैंप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ऑर्गन ट्रांसप्लांट इंडिया की डॉ. दिव्या ने इस दौरान लोगों को अंगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. दिव्या ने कहा कि आइए, आज ही अंग दान का संकल्प लें और मानवता के इस महायज्ञ में अपना योगदान दें। साथ ही उन्होंने कहा कि अंगदान के बारे में कुछ महत्वपूर्ण बातों के बारे में जानकारी साझा की। इस दौरान डॉ. कुसुम दहिया कहा कि अंगदान के बारे में हमें लोगों को जागरूक करना चाहिए। जिससे लोग इसके महत्व को समझें। इस कार्यक्रम के दौरान डॉ. कुसुम दहिया, एसएमओ इंचार्ज डॉ. रजनी, डॉ. पूर्णिमा मौजूद रही। इस दौरान पॉलीक्लीनिक स्टाफ में आरती, बबीता, सोनू, राहुल ज्योति, जय कुमार, सुनीता, अजय आदि मौजूद रहे।

- सेक्टर तीन के पॉलीकलीनिक में ऑर्गन ट्रांसप्लांट कैंप आयोजित
- ऑर्गन ट्रांसप्लांट इंडिया की डॉ . दिव्या ने विस्तार से दी जानकारी



रोहतक। सेक्टर तीन स्थित पॉलीक्लीनिक में सोमवार को आयोजित ऑर्गन ट्रांसप्लांट कैंप में जानकारी देतीं डॉ . दिव्या और अन्य।

## चौकीदार ही निकले चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

गांव सिलाना के स्टेडियम से सरकारी गेहूं चोरी करने के मामले में चार आरोपियों को पकड़ा गया है, जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई है। शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस मामले में खास बात यह है कि जिनके जिम्मे अनाज की सुरक्षा की जिम्मेदारी थी, वही चोरी के आरोप में पकड़े गए हैं। जानकारी के अनुसार, गांव सिलाना के स्टेडियम में खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा करीब 70 हजार कट्टे गेहूं के रखवाए गए थे। इन कट्टों की निगरानी के लिए विभाग ने तीन चौकीदार नियुक्त किए हुए थे, जिन पर चोरी करने का आरोप लगा है। खाद्य आपूर्ति विभाग के निरीक्षक रंजन यादव ने बताया कि शनिवार रात को उपनिरीक्षक अजय कबालाना को गोदाम की निगरानी के लिए भेजा गया।

**दो आरोपी रोहतक के**

विभागीय अधिकारियों ने चारों आरोपियों को मौके पर ही पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपियों की पहचान लक्ष्य और नवीन निवासी गांव सिलाना, सुनील निवासी मदीना, जिला रोहतक तथा गाड़ी चालक रमेश निवासी सुनारिया खुर्द, जिला रोहतक के रूप में हुई है।

### फर्जी मुख्त्यारनामा बनाकर करोड़ों की जमीन हड़पी, डीसी को दी शिकायत

**झज्जर।** फर्जी दस्तावेजों और नकली पहचान पत्रों के माध्यम से भट्टी गेट क्षेत्र के रहने वाले एक परिवार के सदस्यों की पुश्तैनी जमीन हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार के सदस्यों को इस धोखाधड़ी का पता उस समय चला जब परिवार का एक सदस्य बीती 22 मई को अपनी जमीन की फर्द जमाबंदी निकलवाने के लिए पटवार भवन पहुंचा। पीड़ित परिवार के सदस्यों ने इस संबंध में डीसी को शिकायत सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और कथित फर्जी रजिस्ट्री को रद्द करने की मांग की है। शिकायतकर्ताओं कृष्ण कुमार, रामकुमार, बलजीत, अमरजीत, सरजीत व बिमला देवी ने बताया कि उनकी कृषि भूमि मौजा झज्जर में रेलवे स्टेशन के नजदीक है। परिवार के अनुसार उक्त जमीन विभिन्न खेवट और खाता नंबरों में दर्ज है तथा लगभग 8 कनाल 19 मरले से अधिक हिस्सेदारी उनकी है। परिवार के सदस्य बलजीत ने बताया कि बीती 22 मई को वह अपनी जमीन की फर्द जमाबंदी निकलवाने के लिए पटवार भवन गया था। वहां रिकॉर्ड की जांच के दौरान उसे पता चला कि उनकी जमीन की रजिस्ट्री पहले ही किसी अन्य व्यक्ति के नाम कराई जा चुकी है।

**जटवाड़ा बुजुर्ग महिला हत्याकांड**

### संपत्ति विवाद और लूट के एंगल पर जांच, धरपकड़ को तीन टीमें गठित

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जटवाड़ा में रविवार को हुई 65 वर्षीय संतोष देवी की हत्या के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। सोमवार को नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस की जांच फिलहाल संपत्ति विवाद, पारिवारिक रंजिश और लूटपाट के एंगल पर केंद्रित है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मामले की जांच के लिए सिविल लाइन थाना पुलिस और सीआईए की तीन विशेष टीमों का गठन किया गया है, जो संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। जांच अधिकारियों के अनुसार वारदात का तरीका बताता है कि हमलावर महिला की दिनचर्या से अच्छी तरह परिचित था। जानकारी थी कि संतोष देवी घर में अकेली रहती हैं और किस समय घर पर कोई दूसरा व्यक्ति मौजूद नहीं होता।



- पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया संतोष देवी का शव
- महिला की हत्या से परिजनों में गुस्सा

### पुलिस ने अवैध शराब से भरा कैंटर पकड़ा, दो काबू

**खरखौदा।** पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शराब से भरे एक कैंटर को पकड़कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रोहतक बाईपास की तरफ से एक कैंटर में अवैध शराब भरकर लाई जा रही है। पुलिस ने नाकाबंदी कर कैंटर को रोककर तलाशी ली। कैंटर से भारी मात्रा में अंग्रेजी बीयर और शराब बरामद हुई। आरोपियों की पहचान बाड़मेर, राजस्थान निवासी हंसराज और जगदीश के रूप में हुई है। बरामद शराब में गॉडफादर बीयर की 395 पेटियां, जिनमें 9,480 बोतलें शामिल हैं, इम्पीरियल ब्लू की 300 पेटियां और मैकडॉवेल्स नंबर-1 की 4,800 बोतलें मिली हैं।

### बिजली कनेक्शन के नाम पर रिश्वत लेते ठेकेदार गिरफ्तार, जेई भी दबोचा

**सोनीपत।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) रोहतक की टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए यूएचबीवीएन के भटगांव कार्यालय में छापेमारी कर एक निजी ठेकेदार को डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मामले में संलिप्तता पाए जाने पर विभाग के जेई सूरज को भी हिरासत में लिया गया है। एसीबी के अनुसार शिकायतकर्ता रवि पेशे से शिक्षक हैं और उन्होंने अपने खेत में पोल्ट्री फार्म स्थापित किया है। बिजली विभाग की सभी औपचारिकताएं पूरी कर दी थीं, लेकिन नया बिजली कनेक्शन जारी नहीं किया जा रहा था।

**नाटक को अविघ्न थियेटर ग्रुप गुरुग्राम के कलाकारों ने प्रस्तुत किया**

# अंतिम दिन 'तू तू-मैं मैं' ने दर्शकों को खूब हंसाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा इंस्टिट्यूट ऑफ परफोर्मिंग आर्ट्स (हिपा) द्वारा हरियाणा कला परिषद के सहयोग से आयोजित ग्रीष्म नाट्य महोत्सव के तीसरे दिन प्रसिद्ध कहानीकार मंटो और व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई की कहानियों पर आधारित नाटक तू तू-मैं मैं ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। स्थानीय स्कॉलर्स रोजरी स्कूल के सभागार में हुए इस नाटक को अविघ्न थियेटर ग्रुप गुरुग्राम के कलाकारों ने प्रस्तुत किया। फिल्म अभिनेता और निर्देशक आशीष नेहरा मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल रहे। मंटो की दो कहानियों अक्कल दाढ़ और मुलाकाती तथा हरिशंकर परसाई की कहानी बातूनी पर आधारित नाटक तू तू-मैं मैं में पति पत्नी के बीच की नोकझोंक और तकरार का व्यंगात्मक प्रदर्शन किया गया। नाटक में यह भी दिखाया गया कि सिर्फ महिलाएं ही बातूनी नहीं होती, जैसा अक्सर प्रचारित किया जाता है। नाटक में जब एक बातूनी पुरुष दूसरे व्यक्ति को पकाता है, तो बड़ा हास्यस्पद माहौल बन जाता है। बातूनी व्यक्ति की रोज रोज की चक-चक से परेशान यह व्यक्ति जैसे तैसे अपनी जान बचाता है और सिर पर पांव रखकर दौड़ जाता है। पूरे नाटक में हास्य-व्यंग्य पूर्ण संवादों और कलाकारों के सहज अभिनय ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। सुहासिनी दिघे द्वारा निर्देशित इस नाटक में भाग लेने इंजी. संदीप जोशी, इंजी. अनिल कौशिक, कर्नल सोमेश सेठ एवं सुहासिनी ने प्रभावशाली अभिनय का प्रदर्शन किया। लाइट और साउंड व्यवस्था तुषार मणि रस्तोगी ने संभाली। अविघ्न थिएटर ग्रुप के प्रबंध निदेशक रूप किशोर निशीत ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर सुनित धवन ने कविता सुनाकर माहौल को सहित्यमय बना दिया। मंच संचालन आध्या वधवा ने किया। गौरतलब है कि नाटक फेस्टिवल के पहले दिन सप्तक कल्चरल सोसाइटी के कलाकारों ने अंधेर नगरी और दूसरे दिन हिपा की ओर से सडक्शन नाटक का मंचन किया गया था।



रोहतक। नाटक प्रस्तुत करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

- फिल्म अभिनेता और निर्देशक आशीष नेहरा मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल रहे

**ये मौजूद रहे**

वरिष्ठ रंगकर्मी विश्व दीपक त्रिखा, अन्तरराष्ट्रीय नगाड़ा वादक सुभाष नगाड़ा, वेटरन जेवलिन खिलाड़ी गुलशन शर्मा, आशीष नेहरा, समीर श्रीवास्तव, डॉ. आरती साहू, कवि वीरेन्द्र मधुर, जेपी गौड़, लेखक कृष्णलाल गिरधर, दीपक जांगड़ा, अमन वशिष्ठ, सुरेंदर धौला, शक्तिसरोवर त्रिखा, सुजाता, समीर शर्मा, जगदीप जुगनू, अनिल शर्मा, गुंजन वधवा, अविनाश सैनी, चेरी गिरधर, तरुण पुष्प त्रिखा, पवन गहलोत, यतिन वधवा, विकास गुप्ता, पंकज शर्मा, विकास रोहिल्ला, गर्व कोचर उपस्थित रहे।



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा।

### महंगाई की मार और बिजली-पानी की किल्लत से प्रदेशभर में हाहाकार: हुड्डा

**रोहतक।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि महंगाई की मार और बिजली-पानी की किल्लत के चलते प्रदेशभर में हाहाकार मची हुई है। बीजेपी सरकार ने 10 दिन के भीतर बीजेपी ने साढ़े 7 रुपये की बढ़ोत्तरी कर डाली है। जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत घटती जा रही है। भूपेंद्र हुड्डा सोमवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। हालांकि उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि सदभावना यात्रा में उन्होंने कुलदीप शर्मा को भेजा था। इससे पहले वह गुरुग्राम में यात्रा में शामिल हो चुके थे। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार कांग्रेस के मुकाबले दोगुना टैक्स वसूल रही है। कांग्रेस सरकार के टाइम जो प्रदेश में तेल पर वैट 9 प्रतिशत था, उसे बीजेपी ने बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया। तेल की कीमतें बढ़ने के चलते तमाम वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। खाने-पीने के सामान से लेकर खेती की लागत तक बढ़ती जा रही है। लेकिन किसानों की एमएसपी को नहीं बढ़ाया जा रहा।इस मौके पर विधायक भारत भूषण बतरा और पूर्व मंत्री सुभाष बतरा समेत कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।

# यात्रा का जुनून और नया सीखने का जज्बा दिलाएगा ग्लोबल पहचान

## 12वीं के बाद सुनहरा भविष्य : हॉस्पिटैलिटी और ट्रैवल इंडस्ट्री में अपार अवसर

स्टूडेंट गाइड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

बदलते दौर में हॉस्पिटैलिटी और पर्यटन उद्योग युवाओं के लिए सबसे तेजी से उभरते करियर सेक्टर्स में शामिल हो चुके हैं। होटल, ट्रैवल, एयरलाइंस, इवेंट मैनेजमेंट और डिजिटल टूरिज्म जैसे क्षेत्रों में लगातार बढ़ती मांग ने रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर पैदा किए हैं। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (मदवि) का इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट (आईएचटीएम) विद्यार्थियों को 12वीं के बाद ऐसे प्रोफेशनल कोर्स उपलब्ध करा रहा है, जो उन्हें राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी करियर बनाने का अवसर देते हैं। विभाग में दाखिला प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप मलिक के अनुसार, हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री आज केवल होटल प्रबंधन तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह युवाओं के लिए ग्लोबल करियर का पासपोर्ट बन चुकी है, जहां स्किल, कम्युनिकेशन और क्रिएटिविटी सफलता की नई पहचान बन रहे हैं।

*होटल इंडस्ट्री और पर्यटन के क्षेत्र में करियर के मौके दे रहा एमडीयू का आईएचटीएम विभाग*



### घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान : डॉ. संदीप मलिक



आईएचटीएम विभाग अध्यक्ष डॉ. संदीप मलिक ने कहा कि भारत की हॉस्पिटैलिटी और ट्रैवल इंडस्ट्री देश के सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान करती है। हर साल लाखों नई नौकरियां सृजित कर रही हैं। यात्राओं में आई तेजी, वैश्विक आयोजनों और डिजिटल बुकिंग प्लेटफॉर्म्स ने इस क्षेत्र को मजबूती दी है। विदेश घूमने-फिरने का जुनून हो या अपने शहर में पर्यटकों को आतिथ्य का अनुभव कराना, यह इंडस्ट्री युवाओं के लिए ग्लोबल पासपोर्ट बन चुकी है।

### यह चाहिए योग्यता

- शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास (कम से कम 45 प्रतिशत अंक) के साथ अतिथि देवो भव का भाव और सीखने का जज्बा अनिवार्य है।
- संचार एवं सॉफ्ट-स्किल, विदेशी भाषा, डिजिटल सजगता, कलिनरी एवं सर्विस स्किल, टीम वर्क और यात्रा का जुनून यह गुण आपको वैश्विक मंच पर आगे ले जाते हैं।
- इवेंट मैनेजमेंट, एयरलाइंस में केबिन क्रू, पर्यटन विकास निगमों में विशेषज्ञ, लग्जरी क्रूज सेवाओं में विविध भूमिकाएं, और डिजिटल मार्केटिंग में हॉस्पिटैलिटी विशेषज्ञों की मांग तेजी से बढ़ रही है।
- नए और अनूठे स्टार्टअप्स, जैसे कि होमस्टे एग्रीगेटर्स, फूड टूर ऑपरेटर, और विशेषज्ञ टूर गाइडिंग, युवाओं के लिए उद्यमिता के शानदार अवसर प्रस्तुत कर रहे हैं।
- इस क्षेत्र में डेटा एनालिटिक्स, वित्तीय प्रबंधन, और मानव संसाधन प्रबंधन जैसे विविध करियर पथ भी उपलब्ध हैं।

### 12वीं के बाद प्रमुख पाठ्यक्रम

- बीएचएमसीटी (बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी)
- बीटीटीएम (पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन स्नातक)
- पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड एमएचएमसीटी (मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी)
- डिप्लोमा प्रोग्राम - फूड प्रोडक्शन, बेकरी, हाउसकीपिंग, फ्रंट ऑफिस
- सर्टिफिकेट कोर्स - फूड ट्रक ऑपरेशंस, टूर गाइडिंग, कलिनरी आर्ट
- वैल्यू-ऐडेड स्किल्स - मिक्सोलॉजी, डिजिटल कंटेंट क्रिएशन

### करियर के अवसर

- होटल इंडस्ट्रीः फ्रंट ऑफिस मैनेजमेंट, हाउसकीपिंग, फूड एंड बेवरेज सर्विस, और शेफ।
- पर्यटन क्षेत्रः ट्रैवल एजेंसी, टूर ऑपरेटर, एयरलाइंस (ग्राउंड स्टाफ), और क्रूज शिप।
- कॉर्पोरेट सेक्टरः इवेंट मैनेजमेंट, बड़ी कंपनियों के गेस्ट हाउस मैनेजमेंट, और फैसिलिटी मैनेजमेंट।
- सरकारी क्षेत्रः पर्यटन विभाग, रेलवे कैटरिंग (आईआरसीटीसी), और सरकारी होटलों में प्रबंधन के पद।

## खबर संक्षेप



### 21 जून को मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**रोहतक।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 21 जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की सभी तैयारियां समय रहते पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार इस वर्ष जिला और खंड स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने की।

### एमडीयू फैकल्टी क्लब में एक से लगेगा समर कैंप

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के फैकल्टी क्लब की ओर से ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों के लिए समर कैंप-2026 का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप 1 जून से 15 जून 2026 तक फैकल्टी क्लब परिसर में आयोजित होगा, जिसमें पहली से 10वीं कक्षा तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। फैकल्टी क्लब की अध्यक्ष प्रो. सीमा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि समर कैंप का आयोजन बच्चों की रचनात्मकता, प्रतिभा और सीखने की क्षमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

## भीड़ से दूर सुकूनभरी छुट्टियां : परिवारों ने की घूमने-फिरने की तैयारियां तेज

*हिमाचल, उत्तराखंड और पूर्वोत्तर भारत की शांत वादियों की तरफ बढ़ा रुझान*

# बच्चों को दें प्रकृति, संस्कृति व सीखने का अनोखा अनुभव

### बच्चों के लिए टूर सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि सीखने का माध्यम भी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

गर्मियों की छुट्टियां शुरू होते ही परिवारों ने घूमने-फिरने की तैयारियां तेज कर दी हैं। आमतौर पर लोग शिमला, मनाली और कसोल जैसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों की ओर रुख करते हैं, लेकिन इस मौसम में वहां भारी भीड़ और ट्रैफिक जाम लोगों की परेशानी बढ़ा देते हैं। ऐसे में अब परिवार शांत, प्राकृतिक और सांस्कृतिक अनुभव देने वाले ऑफबीट पर्यटन स्थलों को प्राथमिकता दे रहे हैं। एमडीयू के आईएचटीएम विभाग के डॉ. संजीव के अनुसार, बच्चों के लिए यात्रा केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि वह उनके लिए सीखने का अनुभव भी बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि नई जगहों पर जाकर बच्चों को स्थानीय संस्कृति, लोक नृत्य, खान-पान और वहां के इतिहास से परिचित कराना चाहिए, ताकि वे देशकी विविधता को करीब से समझ सकें।

कुछ हटके



### हिमाचल-उत्तराखंड आकर्षण केंद्र

हिमाचल प्रदेश की तीर्थन वैली, कल्प और उत्तराखंड का चोपता व मुंसियारी जैसे स्थान इन दिनों परिवारों की पसंद बन रहे हैं। तीर्थन वैली अपने शांत वातावरण, नदी किनारे बने होमस्टे और ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के लिए प्रसिद्ध है। वहीं चोपता को 'मिनी स्विट्जरलैंड' कहा जाता है, जहां ट्रैकिंग और कैंपिंग के साथ प्रकृति के करीब समय बिताने का अवसर मिलता है। किन्नौर का कल्प गांव सेब के बागानों और बौद्ध संस्कृति के लिए जाना जाता है, जबकि मुंसियारी हिमालय की बर्फीली चोटियों के शानदार नजारों के कारण प्रकृति प्रेमियों को आकर्षित कर रहा है।

### इन ऑफबीट डेस्टिनेशंस की बढ़ी डिमांड

- तीर्थन वैली, चोपता और मुंसियारी की ओर बढ़ा रुझान
- तवांग, जीरो वैली और माजुली जैसे नॉर्थ-ईस्ट डेस्टिनेशन बने आकर्षण
- श्रीनगर, दार्जिलिंग और गंगटोक के लिए सबसे ज्यादा बुकिंग
- वियतनाम, बाली और फुकेत-क्राबी के पैकेज की बढ़ी मांग
- उज्जैन महाकाल, वैष्णो देवी और रामेश्वरम यात्रा को भी मिल रहा अच्छा रिस्पॉन्स

### पूर्वोत्तर भारत दे रहा अनोखा अनुभव

*पर्यटक अब पूर्वोत्तर राज्यों की ओर भी रुख कर रहे हैं, जहां भीड़ कम और मौसम बेहद सुहावना है। अरुणाचल प्रदेश का तवांग मठ और जीरो वैली अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत के लिए मशहूर हैं। मेघालय का मावलिननोंग गांव, जिसे एशिया का सबसे स्वच्छ गांव कहा जाता है, बच्चों के लिए लिविंग रूट ब्रिज और झरनों का अनोखा अनुभव देता है। असम का माजुली द्वीप अपनी असमिया संस्कृति और सत्रों के कारण खास पहचान रखता है।*

### कश्मीर व दक्षिण भारत भी पसंदीदा विकल्प

*जम्मू-कश्मीर का युसमर्ग और कर्नाटक का गोकर्ण भी पर्यटकों की पसंद बन रहे हैं। युसमर्ग की ठंडी वादियां गर्मी से राहत देती हैं, जबकि गोकर्ण समुद्र तटों के साथ आध्यात्मिक वातावरण के लिए जाना जाता है।*

### धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों की बढ़ी मांग

*हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले को छोटी काशी कहा जाता है। यहां के प्राचीन मंदिर और ऐतिहासिक महत्व बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि भीड़भाड़ वाले धार्मिक स्थलों की बजाय शांत सांस्कृतिक क्षेत्रों का चयन बच्चों के लिए ज्यादा लाभदायक साबित हो सकता है।*

### जहां जाएं वहां के कल्चर को भी जानें : संजीव



एमडीयू के आईएचटीएम विभाग के डॉ. संजीव के अनुसार, बच्चों के लिए टूर सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं होना चाहिए, बल्कि यह उनके लिए एक लर्निंग एक्सपीरियंस (सीखने का अनुभव) भी बनना चाहिए। जब भी किसी नई जगह जाएं, तो केवल प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों तक सीमित रहने के बजाय वहां के स्थानीय कल्चर (संस्कृति), लोक नृत्य और वहां के पारंपरिक खान-पान को समझने की कोशिश करें।

### टूरिस्ट डेस्टिनेशंस पर बढ़ी रौनक : भाटिया



शक्ति होलीडेज टूर और ट्रेवल्स के सीईओ और फाउंडर विशाल भाटिया ने बताया कि गर्मियों की छुट्टियां शुरू होते ही लोगों ने घूमने-फिरने की तैयारियां तेज कर दी हैं, जिससे डोमेस्टिक (घरेलू) और इंटरनेशनल (अंतरराष्ट्रीय) दोनों ही तरह के टूरिस्ट डेस्टिनेशंस पर भारी भीड़ देखने को मिल रही है। गोवा हमेशा की तरह एक एवरग्रीन (सदाबहार) डेस्टिनेशन बना हुआ है, जबकि इस बार केरल के लिए भी लगातार पूछताछ आ रही है और लोग वहां जाना पसंद कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों की बात करें तो काठमांडू के लिए भी फ्लाइट्स में अच्छी बुकिंग चल रही है।

## न्यूज डायरी

### रीवा हादसे के विरोध में जैन समाज ने सड़कों पर उतरकर किया प्रदर्शन



**रोहतक।** जैन सभा के आह्वान पर सोमवार को शहर में जैन समाज ने मध्यप्रदेश के रीवा जिले में दो जैन साध्वियों की सड़क हादसे में हुई मृत्यु के विरोध में मौन जुलूस निकालकर रोष जताया। बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों ने शांतिपूर्वक प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तथा संत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने की मांग की। मौन प्रदर्शन झज्जर रोड स्थित श्री दिगम्बर जैन जती जी मंदिर से शुरू होकर डीसी कार्यालय तक पहुंचा। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर अहिंसा परमो धर्म तथा राष्ट्रीय संत सुरक्षा अभियान जैसे संदेश दिए। प्रदर्शन के दौरान पूरा वातावरण शांत और भावुक बना रहा। जैन सभा के प्रधान रवि जैन और सचिव मनीष जैन ने बताया कि 20 मई को रीवा में आर्यिका श्रुतमति माता और आर्यिका सौम्यमति विहार के दौरान सड़क पार कर रही थीं, तभी तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों साध्वियों का देवलोक गमन हो गया।

### पठानिया स्कूल में स्टोरी टाइम सेशन में विभिन्न कहानियों का किया मंचन



**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल में गत सप्ताह कक्षा नर्सरी से सीनियर केजी तक के बच्चों के लिए एक मनोरंजक व ज्ञानवर्धक 'स्टोरी टाइम सेशन' का आयोजन किया गया। समर वेकेशन से ठीक पहले विद्यालय के अंतिम दिन को यादगार बनाने के उद्देश्य से यह विशेष गतिविधि आयोजित की गई, ताकि बच्चे उत्साह के साथ अपनी छुट्टियों की शुरुआत कर सकें। इस अवसर पर स्कूल की अध्यापिकाओं चाहत, एकता, सुचिता, हरलीन, रितिका, नीरज, वीना सहगल एवं रितु वाधवा ने विभिन्न शिक्षाप्रद कहानियों का लाइव नैरेशन और जीवंत मंचन किया। शिक्षिकाओं ने अपने भावपूर्ण अभिनय और बेहतरीन संवाद शैली से नन्हे-मुन्ने बच्चों को पूरी तरह मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने प्रत्येक प्रस्तुति से नैतिक मूल्यों और जीवन की महत्वपूर्ण सीख प्राप्त की। स्कूल प्रबंधन के अनुसार, बच्चों के सर्वांगीण विकास, भाषा सुधार, कल्पनाशक्ति, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय में समय-समय पर ऐसी रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं।

### इस्माइला बॉक्सिंग अकादमी में जागरूकता एवं खेल कार्यक्रम



**रोहतक।** संतोष कैंसर फाउंडेशन की ओर से इस्माइला बॉक्सिंग अकादमी में "कैंसर फ्री हरियाणा" एवं "डेफनेस फ्री हरियाणा" अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता एवं खेल कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं ग्रामीण समुदाय को खेलों के माध्यम से कैंसर, बहरेपन, नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी रिंकू खत्री एवं पार्षद जगबीर खत्री द्वारा किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए संतोष कैंसर फाउंडेशन के जनहित कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में कुल 16 बॉक्सिंग खिलाड़ियों ने भाग लिया तथा कुल 8 बॉक्सिंग मुकाबले आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों, अभिभावकों, कोच एवं ग्रामीणों सहित 100 से अधिक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संतोष कैंसर फाउंडेशन की टीम द्वारा एक विस्तृत जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें कैंसर एवं बहरेपन की प्रारंभिक पहचान, लक्षण, बचाव, समय पर जांच, दर्द एवं पेलिएटिव केयर, उपचार संबंधी जानकारी।

## कानून व्यवस्था से निपटने के लिए पुलिस का शक्ति प्रदर्शन



**रोहतक।** पुलिस द्वारा सोमवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के सभी थाना प्रभारियों, पुलिस अधिकारियों और जवानों ने भाग लिया। परेड के दौरान कानून व्यवस्था की विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए विशेष अभ्यास कराया गया। पुलिस लाइन में आयोजित इस परेड में जिला रोहतक के थाना, चौकी, पुलिस कार्यालयों तथा विभिन्न शाखाओं में तैनात जवान शामिल हुए। अभ्यास के दौरान पुलिस कर्मियों को दंगा नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने से संबंधित जरूरी तकनीकों की जानकारी दी गई। साथ ही दंगा निरोधक उपकरणों के संचालन और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई को लेकर भी प्रशिक्षण दिया गया। परेड के दौरान अधिकारियों ने जवानों की अनुशासन, तत्परता और कार्यक्षमता का निरीक्षण किया। जवानों को किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति में संयम और सतर्कता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि बदलते हालात और कानून व्यवस्था की चुनौतियों को देखते हुए पुलिस बल को लगातार प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। पुलिस का कहना है कि जिला पुलिस हर प्रकार की विषम परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार है। नियमित परेड और अभ्यास का उद्देश्य पुलिस जवानों की कार्यक्षमता बढ़ाना और उन्हें आधुनिक परिस्थितियों के अनुरूप प्रशिक्षित करना है।

## आरडब्ल्यूए ने सिविल सेवा में चयनित बेटियों को किया सम्मानित

**रोहतक।** सेक्टर 3 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) की वार्षिक आमसभा प्रधान बलबीर सिंह मलिक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन महासचिव इंजी. लाभ सिंह हुड्डा और प्रो. देवेंद्र सिंह गहलोत ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सिविल सर्विसेज में चयनित सेक्टर की होनहार बेटियों दिव्या गहलोत और दिशा धनखड़—के परिजनों को शॉल, स्मृति चिह्न और बुके देकर सम्मानित किया गया। दिव्या गहलोत ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत और अपने पति (आइएएस पुलकित बल्हारा) की प्रेरणा को दिया। इस दौरान आइएएस पुलकित बल्हारा ने युवाओं के लिए एक मार्गदर्शक अकादमी शुरू करने का सुझाव भी दिया। आमसभा के दूसरे सत्र में सेक्टर की बदहाल सड़कों, सीवरेज जाम, स्ट्रीट लाइटों की कमी और आवारा पशुओं की समस्या पर निवासियों ने भारी रोष जताया।



## 21 जून को होगी नीट की परीक्षा

### 17 केंद्रों पर पेपर देंगे अभ्यर्थी, उपायुक्त ने की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आगामी 21 जून को आयोजित की जाने वाली नीट (यूजी) 2026 की दोबारा परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां कर दी हैं। परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए सोमवार को उपायुक्त सचिन गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित पुलिस विभाग सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित कर रहा है। उपायुक्त ने बताया कि जिले में परीक्षा के लिए 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।



## खेल

### खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल और तकनीकों का किया प्रदर्शन : पंवार

*दर्शकों ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन*

# जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता: मिक्स्ड डबल्स के फाइनल में पहुंची यश और खुशी की जोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

जिला बैडमिंटन एसोसिएशन (डीबीए) रोहतक के तत्वावधान में चल रही 34 वीं जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता के चौथे दिन अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19 (बॉयज व गर्ल्स), मेन्स, वीमेन के सिंगल्स और डबल्स और मिक्स्ड डबल्स के रोमांचक निर्णायक मुकाबले हुए। मिक्स्ड डबल्स के फाइनल में यश व खुशी की जोड़ी पहुंची। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष यशपाल सिंह पंवार ने बताया कि इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता के निर्णायक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल और तकनीकों का प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष राजेंद्र मलिक, टूर्नामेंट कोऑर्डिनेटर रितेश दलाल, सचिव उमेद शर्मा, सहित अन्य मौजूद रहे। उपस्थित अभिभावकों व खेल प्रेमियों ने प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



**रोहतक।** बैडमिंटन खेलते खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे विजेता

*अंडर-11 गर्ल्स सिंगल्स के सेमी फाइनल में देवांगना और सृष्टि पहुंची। प्राशी और देवांगना ने अंडर-13 गर्ल्स सिंगल्स के सेमी फाइनल में जगह बनाई। अंडर-15 गर्ल्स सिंगल्स के सेमी फाइनल में अश्मी और प्राशी ने प्रवेश किया। अंडर-17 गर्ल्स सिंगल्स के सेमी फाइनल में खुशी और अक्षिता ने जगह बनाई। अंडर-19 गर्ल्स सिंगल्स के सेमी फाइनल में गरिमा कुंडू और सीरत बधवार पहुंचे। अंडर-13 गर्ल्स डबल्स के सेमी फाइनल में न्याशा व प्राशी तथा एलिना व उदिता की जोड़ी ने जगह बनाई। विमेन डबल्स के फाइनल में अक्षिता व खुशी की जोड़ी ने जगह बनाई। मैन्ज सिंगल्स के सेमी फाइनल में वंश ने जगह बनाई। यश व खुशी की जोड़ी ने मिक्स्ड डबल्स के फाइनल में प्रवेश किया।*

### सीनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शाकिर ने रजत पदक और अता साजिद ने कांस्य पदक जीता



**रोहतक।** 29वीं नेशनल सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का सोमवार को समापन हुआ। यह प्रतियोगिता झारखंड में आयोजित की गई। प्रदीप मलिक महासचिव एथलेटिक्स हरियाणा ने जानकारी देते हुए बताया कि मोहम्मद अता साजिद फरीदाबाद हरियाणा ने लांग जंप इवेंट में 7 मीटर 90 सैंटीमीटर की लम्बी कूद लगाकर कांस्य पदक जीता। 1500 मीटर दौड़ में शाकिर हरियाणा ने 3 मिनट 40 सेकेंड 83 माइक्रोन का समय देकर रजत पदक जीता। सत्यवीर धनखड फरीदाबाद मीडिया प्रभारी खेल, राजकुमार मिटान सदस्य ग्रीवेंस कमेटी एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, दिलबाग सिंह अध्यक्ष एथलेटिक्स हरियाणा और हनुमान सिंह भादू वरिष्ठ उपाध्यक्ष एथलेटिक्स हरियाणा एवं अन्य पदाधिकारियों ने पदक विजेता खिलाड़ियों को पदक विजेता बनने पर शुभकामनाएं देते हुए अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

CSC CENTRE
REQUIREMENT
COMPUTER OPERATOR
2 (FEMALE)
Knowledge: Internet, Online Form, Portals
Photoshop, MS Office
Experience Preferred
Name: Abhimanyu
& : 9812515432
Circular Road, Opposite Devi Vihar,
Near Jhajjar Chungi, HP Petrol Pump, Rohtak

## खबर संक्षेप

### युवती को फोन पर परेशान करने का आरोप, केस दर्ज

**रोहतक।** बहु अकबरपुर थाना क्षेत्र में एक युवती ने अज्ञात युवकों पर फोन और व्हाट्सएप के जरिए अभद्रता और परेशान करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवती का कहना है कि उसे लगातार कॉल और मैसेज कर आरोपी दोस्ती करने का दबाव बना रहा है और मानसिक रूप से परेशान कर रहा है। आरोपी ने दावा किया कि उसका नंबर रोहित नामक युवक से मिला है, जबकि बाद में टीना नामक महिला से जुड़े होने की बात भी कही गई। युवती ने आरोप लगाया कि लगातार परेशान किए जाने से उसकी बदनामी हो रही है।

### पूर्व संयुक्त निदेशक श्रीयुत एएस अरोड़ा का निधन

**रोहतक।** पूर्व संयुक्त निदेशक एवं महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पूर्व वित्त अधिकारी श्रीयुत एएस अरोड़ा का निधन हो गया। उनके निधन से शिक्षाविदों, प्रशासनिक अधिकारियों और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों में शोक की लहर है। स्वर्गीय एएस अरोड़ा लंबे समय तक विश्वविद्यालय प्रशासन से जुड़े रहे और उन्होंने वित्त अधिकारी सहित कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय की वित्तीय व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाई। उनके सहयोगी और परिचित उन्हें सरल स्वभाव, ईमानदार कार्यशैली और अनुशासित व्यक्तित्व के लिए याद कर रहे हैं। परिजनों के अनुसार उनका अंतिम संस्कार मंगलवार, 26 मई को सुबह 9 बजे राम बाग श्मशान घाट, शीला बाईपास, रोहतक में किया जाएगा। उनके निधन पर विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और प्रशासनिक संगठनों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

---

**गांव से शहर तक पानी के लिए मचा हाहाकार : लोग बोले, कई बार शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान**

## टैंकरों से पानी उपलब्ध कराने की उठाई मांग

# बलम गांव के मटके सूखे, लोग लघु सचिवालय पहुंचे, प्रशासन के खिलाफ नारे लगा मांगा पानी

**» जेएलएन में 27 या 28 को पानी आने के दो तीन दिन बाद सामान्य होंगे हालात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गर्मी की तपिश के बीच पानी का संकट अब लोगों के लिए सबसे बड़ी परेशानी बनता जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि कई गांवों में लोगों के सामने पीने के पानी का भी संकट खड़ा हो गया है। सोमवार को पानी की समस्या के समाधान की मांग को लेकर बलम गांव के लोग अपनी परेशानी लेकर लघु सचिवालय पहुंचे। ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। बलम गांव के दलबीर सिंह, सज्जन सिंह, मंगतू, धोला समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण लघु सचिवालय पहुंचे और अधिकारियों से तत्काल समाधान की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि गांव में हालात इतने खराब हैं कि घरों के मटकों में एक घूंट पानी तक नहीं बचा है। पीने के पानी की व्यवस्था करना भी मुश्किल हो गया है। उनका कहना था कि गर्मी लगातार बढ़ रही है और ऐसे में पानी की किल्लत ने लोगों की मुश्किलों को और बढ़ा दिया है।



**रोहतक।** पानी की समस्या के लिए लघु सचिवालय पहुंचे गांव बलम के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### अधिकारियों के कई चक्कर लगा चुके

सज्जन सिंह ने आरोप लगाया कि इस समस्या को लेकर तहसील स्तर के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया। संबंधित विभागों के कार्यालयों में जाकर शिकायतें भी दी गईं, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिले। धरातल पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों ने कहा कि प्रशासन को स्थिति की गंभीरता समझनी चाहिए, क्योंकि यह सिर्फ सुविधा का नहीं बल्कि लोगों की मूल जरूरत से जुड़ा मामला है।

### पानी के लिए पड़ रहा है भटकना

नारेबाजी करते हुए मंगतू का कहना था कि पानी की कमी के कारण घरों की दिनचर्या प्रभावित हो गई है। लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। कई परिवार पानी का इंतजाम करने के लिए दूसरे क्षेत्रों का सहारा लेने को मजबूर हैं। महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। गांव में टैंकरों के माध्यम से पानी उपलब्ध करवाया जाना चाहिए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### बलम गांव में नहर से जाता है पानी

सिंचाई विभाग के अनुसार बलम गांव में पानी की आपूर्ति की स्थिति जवाहर लाल नेहरू (जेएलएन) नहर में आने वाली सप्लाई से जुड़ी हुई है। जेएलएन में पानी की आपूर्ति 27 या 28 मई से शुरू होने की संभावना है। पानी की आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह बहाल होने और शहर व गांवों तक पानी पहुंचने में दो से तीन दिन का समय और लग सकता है। इसका मतलब साफ है कि बलम और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को अभी पांच से छह दिन और पानी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। गर्मी के बीच यह इंतजार मुश्किल साबित हो सकता है।

---

# जल संकट ने खोली व्यवस्था की पोल

## हर घर जल के दावे फुस्स, दो-दो दिन बाद पहुंच रहा पानी

- करीब 25 से 30 वर्ष पहले बने जलघरों की क्षमता आज की बढ़ी आबादी के हिसाब से पर्याप्त नहीं रह गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला



सरकार भले ही "हर घर जल" योजना को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही हो, लेकिन सांपला खंड के गांवों में हालात इन दावों की जमीनी सच्चाई उजागर कर रहे हैं। गांवों में पानी की सप्लाई नियमित नहीं है। कहीं दो दिन बाद तो कहीं तीन दिन बाद पानी पहुंच रहा है। ऊपर से जो पानी आ रहा है उसकी गुणवत्ता को लेकर भी लोग लगातार सवाल उठा रहे हैं। जनता का बढ़ता गुस्सा साफ संकेत दे रहा है कि जल आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह चरमराई हुई है। खंड के अधिकतर जलघरों में बने तालाबों की स्थिति बेहद जर्जर बनी हुई है। नहरों से आने वाला पानी इन तालाबों में एक सप्ताह से अधिक टिक ही नहीं पाता। करीब 25 से 30 वर्ष पहले बने जलघरों की क्षमता आज की बढ़ी आबादी के हिसाब से पर्याप्त नहीं रह गई है। आबादी बढ़ती गई लेकिन जल भंडारण क्षमता बढ़ाने की दिशा में कोई ठोस काम नहीं हुआ।

- गांव नयाबांस के सरपंच प्रतिनिधि ने कहा कि बरसात को छोड़ दें तो तीन साल में नहरी पानी नहीं पहुंचा।
- गांव चुलियाना की पूर्व चेयरपर्सन रेनू दुहन ने कहा कि पानी की किल्लत से महिलाएं ज्यादा परेशान हैं।
- गांव पाकस्मा के समाजसेवी अनिल राणा ने बताया कि जलघर में नहरी पानी मुश्किल से एक दिन के लिए आता है।

---

# सांपला में पांच दिन से पानी की सप्लाई बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला



कस्बे में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। 35 हजार लोग भीषण गर्मी में पानी की कमी से जूझ रहे हैं। पांच दिनों में पानी की सप्लाई छोड़ी जा रही है जिससे लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा। कस्बा निवासियों को टैंकर व कैंपर वालों से खरीद कर प्यास बुझानी पड़ती है। कस्बा निवासी सोनू, राजबीर सिंह, नरेश कुमार, संजय, शमसेर सिंह निवासी रामकुमार, सतीश, आजाद, राजबीर ने बताया कि कस्बे में काफी समय से पेयजल व्यवस्था चरमराई हुई है। हालात ऐसे हैं कि कई कई दिनों में पानी की सप्लाई होती है। कई घरों तक पर्याप्त में पानी पहुंच ही नहीं पाता। जिन परिवारों के यहां मोटर या टैंक की सुविधा नहीं है, उन्हें अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग निजी टैंकरों से महंगे दामों पर पानी खरीदने को मजबूर हैं। लोगों का कहना है कि कई बार जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से शिकायत भी की लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका।

**जल्द मिलेगा पेयजल**

नहरों में पानी नहीं आ रहा जिसकी वजह से समस्या बन रही है। ट्यूबवेल से सप्लाई दी जा रही है। जल्द समाधान होने की उम्मीद है।

**-अनिल कुमार**, एसडीओ पब्लिक हेल्थ विभाग सांपला।

---



### कई कॉलोनियों में दो दिन में एक बार भी नहीं आया पानी

**रोहतक।** जिले में जल संकट देखने को मिल रहा है। शहर के माता दरवाजा, तेज कॉलोनी, पाड़ा मोहल्ला, जुलाहा चौक आदि क्षेत्रों में दो दिन में केवल एक बार पानी की सप्लाई की जा रही है। स्थानीय लोगों में पानी की किल्लत से गुस्सा देखने को मिल रहा है। उन्होंने उपायुक्त सचिन गुप्ता और जन स्वास्थ्य विभाग से तत्काल पानी मुहैया करवाने की मांग की है। इसके अलावा आसपास की कई कॉलोनियों में पीने के पानी की किल्लत बनी हुई है।

### वार्ड-7 में पेयजल संकट, पार्षद कपिल नागपाल ने दी आज धरने की चेतावनी

**रोहतक।** शहर के वार्ड-7 में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। किला मोहल्ला, अशोक नगर, गुरुनानकपुरा सहित आसपास की कई कॉलोनियों में पिछले कई दिनों से पानी की सप्लाई पूरी तरह प्रभावित है। कहीं पानी पहुंच ही नहीं रहा तो कई क्षेत्रों में दूषित पेयजल की सप्लाई होने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। हालात यह हैं कि लोगों को रोजमर्रा के कामों के लिए भी पानी जुटाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या से नाराज वार्ड पार्षद कपिल नागपाल ने जनस्वास्थ्य विभाग को चेतावनी देते हुए मंगलवार को सोनीपत रोड स्थित जलघर में धरना देने का ऐलान किया है। धरने में वार्ड निवासी भी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। पार्षद ने कहा कि वार्ड में पेयजल संकट लंबे समय से बना हुआ है, लेकिन विभागीय अधिकारी शिकायतों के बावजूद गंभीरता नहीं दिखा रहे। कई बार अधिकारियों को लिखित और मौखिक रूप से समस्या से अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन समाधान नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग के अधिकारी केवल आश्वासन देकर अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं, जबकि आम जनता को भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं।

---

# अलग-अलग क्षेत्रों से युवक युवती व नाबालिग लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से युवक, युवती और नाबालिग लड़की के लापता होने के मामले सामने आए हैं। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पहला मामला राजेंद्र कॉलोनी का है, जहां से 19 वर्षीय युवक राजू बिना बताए घर से चला गया। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लगा। इस संबंध में युवक की माता प्रेम रानी ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। वहीं दूसरा मामला कबीर कॉलोनी का है, जहां से 17 वर्षीय नाबालिग युवती अचानक घर से लापता हो गई। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी खोजबीन की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी प्रकार पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज थाना पुलिस ने बिहार निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर उसकी नाबालिग बेटी के गायब होने का मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता राजू पुत्र मुनी लाल निवासी बरभीगी, हुसैन बेगूसराय बिहार ने पुलिस को बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। पुलिस तीनों मामलों में जांच कर रही है और लापता लोगों की तलाश के लिए पूछताछ की जा रही है।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें**
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

---

# रेलवे तेल गोदाम के पास आग से हड़कंप

## फायर ब्रिगेड ने एक घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

- रेलवे डीजल गोदाम तक आग नहीं पहुंचने से टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वैश्य कॉलेज रोड स्थित पुराने शिवालय मंदिर के पीछे को अचानक आग लगने से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। झाड़ियों में लगी इस आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दूर-दूर तक दिखाई दे रही थीं। सबसे बड़ी चिंता इस बात की थी कि आग उस स्थान के बहुत नजदीक थी जहां रेलवे का डीज़ल भंडारण गोदाम स्थित है। लपटों को देख लोगों में दहशत फैल गई और आस-पास रहने वाले लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शुरुआत में लोगों ने स्वयं आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। स्थिति को गंभीर होते देख लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। खबर मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कर्मचारियों ने लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। हालांकि आग काफी विकराल रूप ले चुकी थी, लेकिन गनीमत रही कि उसने रेलवे के डीजल गोदाम को अपनी चपेट में नहीं लिया। यदि आग वहां तक पहुंच जाती, तो एक बड़ा हादसा हो सकता था, जिससे पूरे इलाके में भारी तबाही मच सकती थी।



### कारणों की पुष्टि नहीं

आग लगने के कारणों को लेकर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। प्रारंभिक अनुमान है कि आसपास पड़ी सूखी झाड़ियों या किसी फेंके गए जलते बीड़ी-सिगरेट के कारण आग भड़क उठी होगी। कोई भी ज्वलनशील वस्तु न फेंकें और ऐसी स्थितियों में तुरंत सूचना दें, ताकि हादसों को टाला जा सके।

### रेलवे संपत्ति को नुकसान नहीं

इस घटना को लेकर जब शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश सैनी से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि इस तरह की किसी घटना की औपचारिक शिकायत उनके पास नहीं आई है। वहीं रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के प्रभारी रूपचंद मीणा ने कहा कि आग रेलवे तेल गोदाम परिसर के बाहर थी और रेलवे संपत्ति को किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आग का रेलवे से कोई सीधे संबंध नहीं है।

### चार दमकल गाड़ियां पानी डालती रहीं

मौके पर मौजूद फायर अधिकारियों ने बताया कि आग बुझाने के दौरान चार दमकल गाड़ियां लगातार पानी डालती रहीं। जलने की गंध और धुआं कुछ समय तक पूरे क्षेत्र में फैला रहा। लोगों ने राहत की सांस ली जब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में आई। लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में अक्सर लोग कचरा जलाते हैं, जिससे कभी-कभी आग भड़क जाती है। इलाके की झाड़ियों को साफ करवा कर वहां पर चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं।

---

# शराब पार्टी के दौरान युवक की हत्या मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

- सीसीटीवी फुटेज और पूछताछ से आरोपियों तक पहुंची पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नई अनाज मंडी में युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान कृष्णा पुत्र त्रिभुवन निवासी सीतापुर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी न्यू राजेंद्र कॉलोनी के रूप में हुई है। अदालत में पेश करने के बाद उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इससे पहले पुलिस इस मामले में अभय और राजन नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस जांच में सामने आया कि घटना वाली रात आरोपी नई अनाज मंडी की दीवार के पीछे बैठकर शराब पार्टी कर रहे थे। इसी दौरान मोहित उर्फ मंरिडा वहां पहुंच गया। शराब के नशे में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गई। आरोपियों ने मोहित की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी शव को कूड़े के ढेर के पास छोड़कर फरार हो गए। 6 मई को दुकान नंबर 42/43 के पीछे युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। बाद में शव की पहचान सांपला निवासी मोहित उर्फ मंरिडा के रूप में हुई। मृतक के भाई सचिन की शिकायत पर थाना शिवाजी कॉलोनी में हत्या का केस दर्ज किया गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और पूछताछ के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया।



**रोहतक।** पुलिस की गिरफ्त में आरोपित।

---

**रिकॉर्ड होगा तैयार** | **बिना जांच और सुनवाई के नहीं हटेगा किसी मतदाता का नाम**

# 15 जून से शुरू होगा मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण, बीएलओ करेंगे घर-घर सत्यापन

**» मृत, स्थानांतरित और डुप्लीकेट नाम हटाने पर रहेगा फोकस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में आगामी 15 जून से मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान शुरू किया जाएगा। इस प्रक्रिया के तहत 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक गणना और सत्यापन का कार्य किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना तथा मृत, स्थानांतरित और डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाकर पात्र मतदाताओं का सही रिकॉर्ड तैयार करना है।



**रोहतक।** लघु सचिवालय हॉल में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक लेते जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता।

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे

यह जानकारी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में दी। बैठक में स्थानीय विधायक भारत भूषण बत्तरा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। डीसी ने राजनीतिक दलों से इस अभियान में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य किसी का वोट काटना नहीं, बल्कि मतदाता सूची को अधिक सटीक और पारदर्शी बनाना है। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल अपने बूथ स्तर एजेंट (बीएलए-1 और बीएलए-2) जल्द नियुक्त करें। अब तक कांग्रेस और बीजेपी द्वारा बीएलए-1 एजेंट नियुक्त किए जा चुके हैं, जबकि कांग्रेस ने बीएलए-2 एजेंट भी नियुक्त किए हैं।

### जिला कॉल सेंटर 1950 सक्रिय

उपायुक्त ने बताया कि अभियान के तहत बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे और आवश्यक दस्तावेजों की जांच करेंगे। आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार किसी भी मतदाता का नाम बिना जांच और सुनवाई का अवसर दिए प्रारूप सूची से नहीं हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के फैसले से असंतुष्ट होता है तो वह जिला मजिस्ट्रेट और उसके बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपील भी कर सकता है। उन्होंने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला कॉल सेंटर 1950 को सक्रिय किया गया है, जहां मतदाता सूची से जुड़ी जानकारी और सहायता प्राप्त की जा सकती है।

---



### भाजपा शक्ति केंद्र बैठक में जल संकट समाधान की उठी मांग

- मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी के निर्देश

**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी की शक्ति केंद्र बैठक का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता तथा विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विशेष रूप से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम "मन की बात" को लेकर रणनीति बनाई गई। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि अपने-अपने बूथों पर "मन की बात" कार्यक्रम को व्यापक स्तर पर सुनने की व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा कार्यक्रम की गतिविधियों और उपस्थिति को सरल पोर्टल पर समयबद्ध तरीके से अपलोड करें। संगठनात्मक अभियानों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए तकनीकी माध्यमों के अधिक उपयोग पर भी बल दिया गया। बैठक में शहर में बढ़ते पेयजल संकट पर भी चिंता जताई गई। समस्या का समाधान न होने पर मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात भी कही गई। पूर्व पार्षद अशोक खुराना, विजय परुथी, मुकेश टक्कर, गिरीश कत्याल, पंकज अरोड़ा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।